<u>महत्वपूर्ण</u>

सं. ई-11015/1/2015-हिन्दी
भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग
--------

**उद्योग भवन, नई दिल्ली-110011**
**दिनांक: 04-09-2015**

**<u>कार्यालय ज्ञापन</u>**

विषय:- सरकार की राजभाषा नीति का अनुपालन - हिन्दी के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से कुछ स्लोगनों एवं पोस्टरों का प्रेषण।

सरकार की राजभाषा नीति का मुख्य उद्देश्य, सरकारी कामकाज में हिंदी के अधिक से अधिक प्रयोग को प्रोत्साहन के माध्यम से बढ़ावा देना है। इस परिप्रेक्ष्य में, मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति की माननीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदया की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसरण में, मंत्रालय के नियंत्रणाधीन राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, अहमदाबाद द्वारा तैयार किए गए कुछ राजभाषा संबंधी प्रेरक स्लोगन व पोस्टर संलग्न हैं। कृपया इनका व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जाए। इन्हें विभाग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

आशा है कि उक्त स्लोगनों के प्रचार-प्रसार के माध्यम से सभी अधिकारी/कर्मचारी अपना अधिक से अधिक कार्य हिन्दी में करने के लिए प्रेरित/प्रोत्साहित होंगे।

(राजीव अग्रवाल)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार

विभाग के नियंत्रणाधीन सभी कार्यालयों/संस्थानों आदि के प्रमुख।


प्रति प्रेषित:
औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग में सभी अधिकारी/अनुभाग/एकक आदि।




हमारे देश में बिंदी के प्राचीन काल से प्रचलन के माध्यम से हिंदी भाषा को प्राचीन भाषा के रूप में प्रदर्शित किया गया है।




पोस्टर में भारत में नेतृत्व की शक्ति को प्रदर्शित करते हुए देश में तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया गया है।




पोस्टर में विभिन्न जातियों एवं धर्मों के बावजूद हिंदी भाषा के प्रति एकजुटता को प्रदर्शित किया गया है।


पोस्टर में हमारे देश में विभिन्न धर्मों के बावजूद हिंदी भाषा के प्रति प्रेम के माध्यम से विविधता में एकता को प्रदर्शित किया गया है।




पोस्टर में हमारे देश में विभिन्न धर्मों के बावजूद हिंदी भाषा के प्रति प्रेम के माध्यम से विविधता में एकता को प्रदर्शित किया गया है।




जिस प्रकार एक नदी भारतीयों के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है उसी प्रकार हिंदी भाषा की हमारी संस्कृति के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है।




जिस प्रकार एक चुम्बक समान वस्तुओं को इकट्ठा रखता है, वैसे ही हिंदी भाषा पूरे देश को एकजुट रखती है।




एक राजनीतिज्ञ द्वारा भाषण के माध्यम से स्लोगन का प्रचार।





इस पोस्टर में हिंदी भाषा के लिए समर्पित महत्वपूर्ण व्यक्तियों की जानकारी दी गई है जिन पर देश को गर्व है। उनके महत्व को एक अधिकारी की यूनिफार्म पर मैडल के रूप में दर्शाया गया है

एक व्यक्ति को 'नमस्ते' की मुद्रा में दर्शाते हुए भारतीय परम्परा को प्रदर्शित किया गया है। उनकी भाषा एवं परिधान, हिंदी के प्रति उनके प्रेम को व्यक्त करते हैं। भारत के मानचित्र की छाया को पृष्ठभूमि में दिखाया गया है।




एक व्यक्ति को 'नमस्ते' की मुद्रा में दर्शाते हुए भारतीय परम्परा को प्रदर्शित किया गया है। उनकी भाषा एवं परिधान, हिंदी के प्रति उनके प्रेम को व्यक्त करते हैं। भारत के मानचित्र की छाया को पृष्ठभूमि में दिखाया गया है।




पोस्टर में बच्चों द्वारा हिंदी अक्षरों के साथ खेलते हुए दर्शाने के माध्यम से एकजुटता को प्रदर्शित किया गया है।